


# फैबटेक टेक्नोलॉजीज की स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री, पहले दिन ही निवेशकों का पैसा डबल

नई दिल्ली

बायोटेक सेक्टर के लिए प्री-इंजीनियर्ड और प्री-फैब्रीकेटेड मॉड्यूलर पैनल बनाने वाली कंपनी फैबटेक टेक्नोलॉजीज क्लीनरूम्स लिमिटेड ने लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री की। घरेलू शेयर बाजार के निगेटिव सेंटीमेंट्स के बावजूद इस कंपनी के शेयर ने पहले दिन ही अपने आईपीओ निवेशकों का पैसा डबल कर दिया।

आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 85 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयर एसएमई सेगमेंट के लिए मैक्सिमम परमीसिबल प्रीमियम 90 प्रतिशत के साथ 161.50 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर उछल कर 169.57 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 99.49 प्रतिशत का मुनाफा हो गया है।

फैबटेक टेक्नोलॉजीज क्लीनरूम्स लिमिटेड का 27.74 करोड़ रुपये का आईपीओ 3 से 7 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 740.37 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 224.50 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 1,485.52 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 715.05 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के जरिए 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 32.64 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। इस आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने, एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को खरीदने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। फैबटेक टेक्नोलॉजीज क्लीनरूम्स लिमिटेड की आर्थिक स्थिति पर नजर डालें, तो 2021-22 में कंपनी को 3.60 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

## न्यूज ब्रीफ

### एसईसीआई ने अपनी संचयी आवंटित क्षमता 73 गीगावाट से अधिक बढ़ाई




**नई दिल्ली।** भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) ने दिसंबर में अपनी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए संचयी आवंटित क्षमता को 73 गीगावाट से अधिक बढ़ा दिया है। जानकारी के अनुसार अक्षय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसी (आरईआईए) ने इस प्रगति की सराहना की और बताया कि एसईसीआई जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। एसईसीआई के रूप में एक अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम की भूमिका के बारे में एक बयान में कहा गया कि यह भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विकास और विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उसने भी सुनिश्चित किया कि इसकी संचयी ऊर्जा उत्पादन क्षमता 31 दिसंबर 2024 तक 73 गीगावाट से अधिक हो गई है। साथ ही एसईसीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन के तहत अपने प्रदर्शन के लिए उत्कृष्ट रेटिंग हासिल की है। इसके परिणामस्वरूप उसे 100 में से 96 अंक प्राप्त हुए हैं। वित्त मंत्रालय द्वारा 30 अगस्त 2024 को एसईसीआई को नवरत्न का दर्जा भी प्रदान किया गया था।

### वित्त वर्ष 2024-25 में पूंजी बाजारों से जुटाई गई राशि में वृद्धि की उम्मीद: बुच



**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने एक और बड़ी घोषणा की है, जिसके अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में पूंजी बाजारों से जुटाई जाने वाली राशि में लगभग 21 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। इसका अनुमानित मुख्य कारण है शेयर और ऋण साधनों के माध्यम से जुटाई जा रही धनराशि में वृद्धि। चेयरपर्सन ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पिछले नौ महीनों में व्यापारिक संस्थाओं द्वारा शेयर से 3.3 लाख करोड़ रुपये तथा ऋण बाजारों से 7.3 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए हैं, जिससे कुल जुटाई गई राशि 10.7 लाख करोड़ रुपये हो गई है। इसके साथ ही रियल एस्टेट निवेश ट्रस्टों, बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्टों और म्युनिसिपल बॉण्डों के द्वारा जुटाई गई धनराशि में भी वृद्धि की उम्मीद है। बुच ने उम्मीद जताई कि इस धनराशि में भविष्य में और भी वृद्धि हो सकती है। सेबी प्रमुख ने इस संदेश को दिया कि नियामक म्यूचुअल फंडों के नए प्रस्तावों को तेजी से मंजूरी दे रहा है और जल्द ही 250 रुपये की न्यूनतम राशि के साथ व्यवस्थित निवेश योजनाएं भी शुरू की जाएंगी। इससे स्पष्ट है कि भारतीय वित्तीय बाजारों में सत्ता और सुविधा की वृद्धि के साथ ही सेबी ने वित्त वर्ष 2024-25 में नये उत्थान के लिए एक बहुत ही उत्साही रूप से नकारात्मकीकरण की ओर कदम बढ़ाने का अभिप्रेरणा प्रदान किया है।

### बेहतर परिणाम के लिए असाधारण प्रयास जरूरी: एलएंडटी




**नई दिल्ली।** एलएंडटी (लार्सन एंड टूब्रो) के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यन ने हाल ही में काम के घंटों पर की गई टिप्पणी के बाद काफी चर्चा में आए हैं। उन्होंने कर्मचारियों से 90 घंटे सप्ताह में काम करने की अपील की थी, जिसे कंपनी ने जारी बयान के माध्यम से समर्थन दिया है। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया और बहुत से यूजर्स ने इसे गलत बताया। चेयरमैन सुब्रमण्यन ने कहा कि भारत के विकास में सहायता के लिए असाधारण प्रयास की ज़रूरत है। उन्होंने यहां तक कहा कि उन्हें अपने कर्मचारियों के साथ असाधारण संबंध बनाने की ज़रूरत है ताकि कंपनी अपने उद्देश्यों को हासिल कर सके। जबकि सबसे पहले इस वीडियो को रेडिट पर शेयर किया गया था, लेकिन इसके बाद यह वायरल हो गया। चेयरमैन की इस टिप्पणी पर सोशल मीडिया पर गहरी विवादिता पर के साथ-साथ आलोचनाएं भी थीं। इसी के साथ पिछले साल इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने भी भारतीय युवाओं को सप्ताह में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट निवेशकों ने गंवाए 5.70 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही लिवाल और बिकवाल एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश में लग गए, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.31 प्रतिशत और निफ्टी 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

दिन भर के कारोबार के बाद आईटी और टेक सेक्टर के अलावा बाकी सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। बैंकिंग, फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक दबाव बना रहा। इसी तरह एनर्जी, मेटल और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, आईटी इंडेक्स 3.44 प्रतिशत और टेक इंडेक्स 2.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ के कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने छह लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद घट कर 429.79 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 435.49 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को के कारोबार से करीब 5.70 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।




दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,078 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 829 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 3,162 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 87 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,518 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 401 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,117 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 8 शेयर बढ़त के साथ और 22 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 14 शेयर हरे निशान में और 36 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 62.38 अंक की मामूली बढ़त के साथ 77,682.59 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर-नीचे होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 299.49 अंक की तेजी के साथ 77,919.70 अंक तक पहुंचा। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ये सूचकांक 520.60 अंक की गिरावट के साथ 77,099.55 अंक तक लुढ़क गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 241.30 अंक टूट कर 77,378.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 25.40 अंक की तेजी के साथ 23,551.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की होड़ शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार चढ़ाव होता रहा। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 70.10 अंक की मजबूती के साथ 23,596.60 अंक तक पहुंचा। दूसरी ओर, बिकवाली का दबाव बनने पर इस सूचकांक ने 182.15 अंक की कमजोरी के साथ 23,344.35 अंक तक गोता भी लगा दिया। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद निफ्टी ने 95 अंक लुढ़क कर 23,431.50 अंक के स्तर पर के कारोबार का अंत किया। पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टीसीएस 5.62 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 3.82 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजी 3.12 प्रतिशत, विप्रो 2.82 प्रतिशत और इंफोसिस 2.59 प्रतिशत की मजबूती के साथ के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, श्रीराम फाइनेंस 5.33 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 4.41 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइजेज 4.18 प्रतिशत, एनटीपीसी 3.78 प्रतिशत और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 3.64 प्रतिशत की कमजोरी के साथ के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# उपकरण उद्योग ने पीएलआई के दूसरे चरण, कर युक्तिकरण की मांग की



नई दिल्ली

उपकरण एवं उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग ने सरकार से कंप्रेसर तथा मोटर जैसे उच्च मूल्य वाले घटकों के लिए प्रोत्साहन योजना को बढ़ावा देने का दूसरा चरण चालू करने की मांग की है। उद्योग निकाय कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीईएएमएए) ने भी आयात पर शुल्क में कटौती की मांग की है, जिससे उत्पादों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी। सीईएएमएए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि करों में कटौती करने की आवश्यकता है ताकि उत्पादक संगठन प्रतिस्पर्धी बन सकें। उन्होंने प्लग एंड प्ले सुविधाओं के बड़े केंद्रों की स्थापना पर भी ध्यान देने का सुझाव दिया। अधिकारी ने बताया कि सरकार की पीएलआई योजना ने उत्कृष्टता के केंद्र बनाने में मदद की है और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में सहायक है। इस उद्यम में पिछले वर्षों मूल्य संवर्धन अच्छे प्रदर्शन का गवाह रहा है और उन्होंने दावा किया कि यह अभी और भी बढ़ने की संभावना है।

**सीईएएमएए ने भी की आयात पर शुल्क में कटौती की मांग**

### जेएसडब्ल्यू स्टील का कच्चा इस्पात उत्पादन 2.3 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू स्टील ने अपने कच्चा इस्पात उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की है, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में उत्पादन 2.3 प्रतिशत बढ़कर 70.3 लाख टन पहुंच गया है। कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में इस्पात उत्पादन 68.7 लाख टन था। पूर्व परीक्षण के अलावा भारतीय परिचालन में क्षमता उपयोग 91 प्रतिशत रहा। कंपनी ने बताया कि अक्टूबर में एक ब्लास्ट फर्नेस में अस्थिरता के कारण तिमाही में उत्पादन और क्षमता उपयोग प्रभावित हुआ, लेकिन सामान्य परिचालन नवंबर के पहले सप्ताह में पुनर्संचालित हो गया।

## कृषि मंत्री का स्वागत



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का रायपुर पहुंचने पर बृजमोहन अग्रवाल और डॉ. रमन सिंह ने किया स्वागत।

# सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन महंगा हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं

नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना 350 रुपये से लेकर 380 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 79,350 रुपये से लेकर 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये से लेकर 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत भी 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बनी हुई है।



देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशियाई बाजारों में भी बिकवाली का दबाव

नई दिल्ली

**ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बंद रहे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 42,515.69 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं, एशियाई बाजारों में लगातार दबाव बना हुआ है।**

यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,319.69 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.51 प्रतिशत उछल कर 7,490.28 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डीएएक्स इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 20,317.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



एशियाई बाजारों में लगातार दबाव बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि इकलौता जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। फिलहाल जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,115.42 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 160 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,500 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,173.51 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स में बड़ी गिरावट आई है। फिलहाल ये सूचकांक 1.70 प्रतिशत टूट कर 3,797.10 अंक तक गिर गया है।

इसी तरह निक्केई इंडेक्स 426.35 अंक यानी 1.08 प्रतिशत लुढ़क कर 39,178.74 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा ताईवान वेटेड इंडेक्स 0.08 प्रतिशत फिसल कर 23,061.62 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.10 प्रतिशत टूट कर 2,519.38 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,354.33 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,198.83 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

### ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले में 75.16 करोड़ की संपत्तियों कुर्क की

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के बड़े मामले में 75.16 करोड़ रुपये की संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई की है। धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत, ईडी ने मेसर्स थ्री सी प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य समूह कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस मामले में मेसर्स हैसिंडा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा धोखाधड़ी का आरोप है। जांच से पता चला कि नोएडा के सेक्टर 107 में स्थित लोटस 300 परियोजना में निवेशकों की राशि लेकर परियोजना पूरी नहीं हुई, जिसकी वजह से कंपनी दिवालिया हो गई। ईडी ने मेसर्स थ्री सी ग्रुप के निदेशकों और प्रमोटरों के परिसरों में छापेमारी की और 42 करोड़ रुपये की नकदी, हीरे और आभूषण, आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। ईडी ने यह भी जानकारी दी कि असुरक्षित ऋण के रूप में धन का उपयोग होता रहा, जो अचल संपत्तियों की खरीद में किया गया। अब तक की कुल संपत्तियों की कीमत 98.29 करोड़ रुपये हो चुकी है और इस मामले में सख्त कार्रवाई की जा रही है। जांच जारी है और और भी संपत्तियां जब्त की जा सकती हैं।